## सार-समाचार

### गबन के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**भुसावर, (निसं)।** थाना हलैना पर दर्ज गबन के मामले में भुसावर थाना पुलिस ने अनुसंधान के बाद कार्यवाही करते हुए फरार आरोपी पोस्टमास्टर को गिरफ्तार किया है। अनुसंधान अधिकारी भुसावर थानाधिकारी सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि परिवादी विकास दुबे पुत्र मनोज कुमार जाति ब्राहमण निवासी अनाह गेट भरतपुर हाल निरीक्षक डाकघर नदबई ने थाना हलैना पर इस आशय की रिपोर्ट पेश की थी कि आरोपी कुलदीप कुमार पुत्र रामबाबू जाति जाट निवासी सरसैना पुलिस थाना हलैना जिला भरतपुर दिनांक 27 जुलाई 2021 से 20 जुलाई 2023 तक उप डाकपाल पोस्ट ऑफिस हलैना पर कार्यरत रहा। अपने कार्यकाल के दौरान आरोपी कुलदीप कुमार द्वारा सरकारी राशि कुल 24 लाख 07 हजार 365 रूपये को सरकारी खाते में जमा ना करके अपने निजी कार्य के उपयोग में लेकर फर्जी एन्ट्री कर दुरूपयोग किया। जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। थानाधिकारी गुप्ता ने बताया कि मामले में कार्रवाई को लेकर उच्च अधिकारियों के निर्देशन एवं नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। जिसके बाद थाना हलैना के मुकदमा नम्बर 260/2024 धारा 403.409.420. आईपीसी व 66डी आईटी एक्ट में फरार पोस्टमास्टर कुलदीप कुमार पुत्र रामबाबू जाट (35) को गिरफ्तार किया गया है।

### जेब से 25 हजार रुपए किए पार

**रूपवास, (निसं)।** क्षेत्र के धौलपुर रोड पुरानी अनाज मंडी में स्थित ग्रामीण बडौदा बैंक में एक व्यक्ति की जेब से अज्ञात जेब कतरे ने 25 हजार रुपए पार कर दिए। घटना को अंजाम देने के बाद जेब कतरा मौके से भाग जाने में सफल हो गया। पीड़ित साहब सिंह निवासी जरैला ठाामीण आंचलिक बड़ौदा बैंक में से अपने जरूरी कार्य के लिए पैसे लेने आया था। इसी दौरान बैंक में पहले से ही मौजूद जेब कतरे ने मौका मिलते ही पीड़ित की जेब से 25 हजार रुपए पार कर दिए। घटना के बाद पीड़ित ने घटना की जानकारी बैंक कर्मियों को दी। इसके बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची। बैंक में लगे हुए सीसीटीवी कैमरों की फुटेज जाँची गई।

### इलेक्ट्रॉनिक्स शोरूम से सामान चोरी

**हिण्डौन सिटी, (निसं)।** शहर के बयाना रोड स्थित एक इलेक्ट्रॉनिक्स शोरूम में सोमवार रात 11 बजे से 12.30 बजे के बीच चोरों ने शटर तोड़कर लाखों रुपये का सामान और नगदी चुरा ली। रात 12.40 बजे शटर टूटने की सूचना दी। मौके पर पहुंचने पर शोरूम से एलईडी के 40 सेट, 60 मिक्सी, 10 इंडक्शन, 4 गीजर और गल्ले में रखे 95 हजार रुपये सहित करीब 7 लाख रुपये का सामान गायब मिला। कोतवाली थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एफएसएल टीम की मदद से जांच शुरू कर दी है। कोहरे की वजह से सीसीटीवी फुटेज साफ नहीं दिख पाए हैं। पुलिस चोरों की तलाश में जुटी है।

### ऊंटगाड़ी चालक सहित ऊंट की मौत

**करौली, (निसं)।** प्राप्त जानकारी के अनुसार यहां के निकट रामपुर धावाई ग्राम पंचायत के पीपलपुरा गांव निवासी हेमराज पुत्र केदार गुर्जर उम्र 35 वर्ष गंगापुर ऊंट गाडी से सामान लेकर गया था शाम करीब 6 के लगभग गंगापुर से वापस लौटते समय सलेमपुर घाटी के पास पीछे से आ रहे एक ट्राला चालक ने टक्कर मार दी। टक्कर भी इतनी जबरदस्त बताई गई की ऊंट गाडी चालक सहित करीब 200 फीट तक घिसटते चले गए चले गए जिससे दोनों की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मृत्यु हो गई। सूचना पर परिवार जन मौके पर पहुंचे चालक हेमराज और ऊंट को मृत अवस्था में देखकर परिवारजन विलक पड़ा घटना की सूचना देकर मौके पर 108 एंबुलेंस बुलाई गई जिसके द्वारा करौली सामान चिकित्सालय हेमराज को मृदा अवस्था में लाया गया जहां ड्यूटी चिकित्सक ने हेमराज को मृत घोषित कर पोस्टमार्टम के लिए मुर्दाघर में रखा।

### जिला निरस्तीकरण पर जताया आक्रोश

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** राज्य सरकार की ओर से गंगापुर सिटी को जिला निरस्त करने के विरोध में अधिवक्ताओं ने मंगलवार सुबह एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर गंगापुरसिटी जिले को पुन~ रखने की मांग की। सुबह अधिवक्ताओं न्यायालय परिसर में एकत्रित हुए और न्यायालय परिसर से नारेबाजी करते हुए मिनी सचिवालय पर पहुंचे। जहां अधिवक्ताओं ने अभिभाषक संघ के अध्यक्ष दिनेश कुमार शर्मा चंदा के नेतृत्व में एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। अधिवक्ताओं ने ज्ञापन में कहा कि 1952 में सवाई माधोपुर को जिला बनाते समय तत्कालीन जिला कलेक्टर ने गंगापुर सिटी को जिला बनाए जाने का समर्थन किया था। हालांकि उस समय भी गंगापुर सिटी जिला बनाए जाने के सभी मापदंडों को पूरा कर रहा था। इसके बावजूद राजनीति के कारण 1998 में गंगापुर सिटी को जिले के पूरे मापदण्ड करते हुए भी करौली को जिला बन दिया गया। पिछले वर्ष राजस्थान सरकार ने गंगापुरसिटी भौगोलिक दृष्टि से एव जिला बनाने के सभी मापदंडों को पूरा करने के कारण गंगापुरसिटी को जिला बना दिया। जबकि मुख्यमंत्री के द्वारा नियुक्त कमेटी ने पिक एण्ड चूज की नीति से आन-फानन में गंगापुरसिटी को जिला निरस्त घोषित कर दिया। जबकि गंगापुर सिटी जिला बनने के हर मापदण्ड को पूरा कर रहा है।

### दो दिवसीय जिकड़ी दंगल आज से

**हिण्डौन सिटी, (निसं)।** बालाजी मंदिर पर बुधवार से दो दिवसीय जिकड़ी गायन दंगल का शुभारंभ होगा। पूर्व सरपंच नाहर सिंह चौधरी ने बताया कि 8 और 9 जनवरी को क्यारदा बालाजी के प्रांगण में राजस्थान यूपी और हरियाणा के कलाकारों द्वारा रागिनी भजन का कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम का आयोजन क्यारदा बालाजी भक्त मंडल द्वार किया जा रहा है।

# राम बारात का जगह-जगह द्वार लगाकर स्वागत

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** श्री राम कथा सेवा समिति के तत्वाधान में किरण पैलेस में चल रही संगीतमय राम कथा के पंचम दिवस मंगलवार को बालाजी चौक से भव्य सुशोभित राम बारात मुख्य बाजार से निकली गई। श्री राम बारात के स्वागत में शहरवासियो ने पलक पावडे बिछा दिए। शहर के मुख्य बाजार व चौराहे जिसमें चौपड बाजार, खारी बाजार, देवी स्टोर चौराहा, व्यापार मंडल, अनाज मंडी, फव्वारा चौक आदि सभी चौराहे पर स्वागत द्वार लगाकर पुष्पवर्षा कर बारातियों का स्वागत किया।

श्री राम की बारात में आगे आगे घोडे, बैंड बाजा ढोल नगाडे पर नगरवासी श्रद्धालु नाचते झूमते चल रहे थे। श्री राम बारात शोभायात्रा में रथ पर

■ **राम, लखन, भरत व शत्रुघ्न की झांकियों ने मन मोहा, राम बारात में उमड़ा जन समूह**

सवार राम जानकी झांकी, राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न, महाराजा दशरथ गुरु वशिष्ठ की सजीव झांकियां देखकर नगर वासियों का मन प्रफुल्लित हुआ और उन्होंने जगह-जगह श्री राम बारात का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। किरण पैलेस में चल रही श्री राम कथा में साध्वी आराधना देवी के मुखारविंद से राम कथा वर्णन में कहा कि ऋषि विश्वामित्र श्री राम लखन को लेकर जनकपुर पहुंचे तो उससे पहले गंगा में स्नान किया। साध्वी द्वारा गंगा मैया और महाकुंभ का महत्व संगीत भजन के माध्यम से बखान किया। साध्वी द्वारा वैदेही राज की नगरी जनकपुरी में जब राम लखन नगर भ्रमण के लिए निकले नगर वासी श्री राम लखन की सुंदर जोडी दोनों राजकुमारों को देखने के लिए उमड पडे। जनकपुर अतिथि गृह में गुरु विश्वामित्र ने श्री राम से पूजा के लिए पुष्प लाने के लिए कहा श्री राम लखन दोनों भैया पुष्प वाटिका में पुष्प लेने पहुंचे जहां जानकी जी गौरी पूजन के लिए आई और राम जानकी एक दूसरे के दर्शन कर पुलकित हुए। साध्वी द्वारा पुष्प वाटिका राम जानकी मिलन का वर्णन भजन के माध्यम से सुनने पर श्रद्धालु मंत्र मुग्ध हो गए। सीता स्वयंवर के लिए रंगभूमि में विश्वामित्र राम लखन को लेकर पहुंचे भरी सभा में राजा जनक ने घोषणा की जो कोई शिव धनुष उठाकर प्रतींचा चढा देगा वही सीता पति होगा। सभा में संसार के एक से एक बलशाली राजाओं ने धनुष उठाने के लिए प्रयास किया। लेकिन एक भी सफल नहीं हुए इस पर राजा जनक के उलाहना देने पर लक्ष्मण जी को ऋोध आ गया और उन्होंने कहा कि जिस सभा में सूर्यवंशी श्री राम विराजमान हो वहां इस प्रकार की बातें करना शोभा नहीं देता। गुरु विश्वामित्र की आज्ञा से श्री राम शिव धनुष उठाने पहुंचे और शिव धनुष सहित सभी को प्रणाम कर श्री राम ने धनुष उठा लिया और जैसे ही प्रत्यंचा चढाने लगे तब ब्रह्मांड में जोर की आवाज के साथ धनुष टूट गया। जनकपुर राजमहल में हर्षोल्लास छा गया। माता-पिता की आज्ञा से सीता जी ने श्री राम जी को जयमाला पहनाई। इधर किरण पैलेस जनकपुर में राम बारात के पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया और राम लक्ष्मण भरत शत्रुघ्न को राजा जनक की चारों पुत्रीऔ ने वरमाला पहनाई जिसका सचित्र चित्रण साध्वी द्वारा भजनों के माध्यम से किया गया।



गंगापुर सिटी में राम बरात में सजीव झांकियां सजाई।

# प्रयागराज महाकुंभ अमृत कलश यात्रा बयाना पहुंची



अमृत कलश यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

**बयाना, (निसं)।** बयाना में प्रयागराज महाकुंभ अमृत कलश यात्रा श्रीनगर से बयाना पहुंची। कलश यात्रा प्राचीन ऊषा मंदिर से प्रारंभ होकर बागड़ फील्ड गुजरात मोटर्स पर विप्र सेना के द्वारा जिला अध्यक्ष बलदेव तिवारी के नेतृत्व में विशाल कलश यात्रा का भव्य जुलूस का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम को लेकर कलश यात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान अमृत कलश यात्रा की पूजा की गई।

गुरुजी श्री रुद्रनाथ महाकाल विशाल महाराज जी का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। उसके बाद यात्रा रमन रेती वृंदावन के लिए रवाना किया गया।प्रयागराज महाकुंभ अमृत कलश यात्रा श्रीनगर से बयाना पहुंची। कलश यात्रा प्राचीन ऊषा मंदिर से प्रारंभ होकर बागड़ फील्ड गुजरात मोटर्स पर विप्र सेना के द्वारा जिला अध्यक्ष बलदेव तिवारी के नेतृत्व में तहसील अध्यक्ष नवल किशोर शर्मा के द्वारा स्वागत एवं फूल बरसा की गई जिसमें जिला उपाध्यक्ष विनोद उपाध्याय दिनेश दत्तात्रेय दीपक जांगिड़ डॉक्टर शैलेंद्र जी कपिल कालरा वीरू संदीप पूरन सभी लोग उपस्थित थे जानकारी में किशन कुमार शर्मा ने बताया कि पूरे बाजार में होती हुई शोवाई मेमोरियल हॉस्पिटल पर संपन्न हुई। मां शारदा के अमृत कलश की पूजा की गई। गुरुजी श्री रुद्रनाथ महाकाल विशाल महाराज जी का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। उसके बाद यात्रा रमन रेती वृंदावन के लिऐ रवाना की। गाजे बाजे के साथ बयाना के मुख्य मार्गों से होते हुए पहुंचाने के लिए भव्य जुलूस निकाला गया।

ध्वज लेकर मुख्य मार्ग से होते हुए गांव के चारों ओर जगह-जगह कलश यात्रा पर पुष्प वर्षा की गई। क्षेत्र के लोगों मे खास उत्साह देखनें को मिला आसपास लोग भी कलश यात्रा में लोग शामिल हुए। शोभायात्रा मुख्य मार्ग से होते हुए कलश यात्रा का स्वागत सत्कार किया गया।जहां पर परिसर में पहुंची पॉंडित द्वार समापन कर महा आरती उतारी गई। जिसमें समस्त ग्रामीण आस पास के लोग भी मौजूद रहे।

# खेती की नई तकनीक सिखाने के लिए कृषक भ्रमण दल रवाना

**करौली, (निसं)।** उप निदेशक कृषि एवं पदेन परियोजना निदेशक धर्म सिंह मीना ने बताया है कि किसानों को खेती की नई तकनीक सिखाने के लिए जिले के प्रगतिशील किसानों को विभिन्न अनुसंधान संस्थानों व कृषि विज्ञान केन्द्रों का भ्रमण करवाया जा रहा है।

इसी सिलसिले में आत्मा योजनान्तर्गत 50 किसानों के दल को 7 से 11 जनवरी तक 3-5 दिवसीय अन्तराराज्यीय भ्रमण के लिए कलेक्ट्रेट परिसर से मंगलवार को अतिरिक्त जिला कलक्टर हेमराज परिडवाल ने हरीझंडी दिखाकर रवाना किया। अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वारा किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि भ्रमण करने वाले सभी संस्थानों के विषय विशेषज्ञों से अच्छी तरह से संवाद करें व संस्थानों द्वारा लगाई गयी प्रदर्शनियों का अवलोकन कर कृषि में नये नवाचार करें तथा भ्रमण में सीखी गई कृषि तकनिकों का अपने-अपने गावों में अधिकाधिक प्रचार-प्रसार करें व अन्य किसानों को इसके लिए प्रोत्साहित करें। जिससे कृषि प्रधान जिले में किसानों द्वारा आधुनिक कृषि तकनीक अपनाने से अधिक लाभ मिल सकें।

कृषि उपनिदेशक एवं आत्मा परियोजना निदेशक ने बताया कि जिले कि सभी पंचायत समितियों से चयनित 50 प्रगतिशील युवा किसानों को अन्तरा राज्यीय कृषक भ्रमण के तहत केवीके करमोदा सवाई माधोपुर, फूल उत्कृष्टता केन्द्र, सवाई माधोपुर, केवीके बोरखेडा कोटा, नीबू उत्कृष्टता केन्द्र कोटा, सब्जी उत्कृष्टता केन्द्र बूंदी, एटीसी बूंदी, केन्द्रीय भेड एवं ऊन अनुसंन्धान केन्द्र अवीका नगर मालपुरा टोंक, भारतीय चारागाह एवं चारा अनुसंधान संस्थान पश्चिमी क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र अविका नगर मालपुरा टोंक इत्यादि कृषि अनुसंधान संस्थानों का भ्रमण करवाया जाएगा।

प्रगतिशील कृषक संस्थानों के वैज्ञानिकों व विषय विशेषज्ञों से संवाद कर प्रदर्शनों का अवलोकन करेंगें। तथा विभिन्न कृषि, उधानकी, पशुपालन एवं नवाचारी खेती की तकनिकी को जानेंगें। उन्होंने बताया की किसान विभिन्न फसलों के उन्नत बीज, किस्म, सिंचाई जल प्रबंधन, मृदा संरक्षण, संतुलित उर्वरक व कीटनाशी उपयोग, समेकित खेती प्रणाली, जैविक खेती, व्यवसायिक पशुपालन, एवं वैज्ञानिक प्रबंधन, उच्च उधानकी तकनीकी युक्त फल व सब्जियों की खेती व अन्य गतिविधियों के बारे में विस्तार से समझेंगें। उक्त भ्रमण हेतु हेमराम मीना सहायक कृषि अधिकारी कुडगांव प्रभारी एवं विजयपाल मीना सहायक कृषि अधिकारी करणपुर सहप्रभारी है।



करौली कलेक्ट्रेट से किसानों के भ्रमण दल के वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते अतिरिक्त जिला कलेक्टर

# भरतपुर स्थापना दिवस समारोह को लेकर बैठक

**भरतपुर, (निसं)।** जिला प्रशासन, लोहागढ़ विकास परिषद, नगर निगम के संयुक्त तत्वावधान में 292वां भरतपुर स्थापना दिवस समारोह के सफल आयोजन एवं कार्यक्रम निर्धारण के सम्बन्ध में बैठक जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी।

जिला कलक्टर ने आव्हान किया कि जिले के समस्त नागरिक भरतपुर स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल होकर अपनी भागीदारी का निर्वहन करें जिससे कार्यक्रम में जनभावना जुड़ सके। उन्होंने कहा कि समारोह को गरिमामय रूप से मनाते हुये भरतपुर के संस्थापक महाराजा सूरजमल के आदर्शों एवं शिक्षाओं का अनुसरण करें जिससे भावी पीढ़ी तक उनके वैभवशाली इतिहास को संजोये रखा जा सके। उन्होंने 7 दिवसीय भरतपुर स्थापना दिवस के दौरान ऐतिहासिक भवनों, स्मारकों, दरवाजों, चौराहों एवं मंदिरों पर भव्य आकर्षक रोशनी की व्यवस्था करने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिये।

उन्होंने कहा कि पर्यटकों को विभिन्न कार्यक्रमों में जोडते हुये होटल व्यवसायियों एवं पर्यटक गाईडों का भी सक्रिय सहयोग लें। उन्होंने स्थापना दिवस के कार्यक्रमों में पुलिस व्यवस्था, मेडिकल टीम एवं फायर बिठोड की

■ **भाषण प्रतियोगिता, कलश यात्रा, जनमहायज्ञ आदि कार्यक्रम होंगे**

व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को दिये। भरतपुर स्थापना दिवस एवं महाराजा सूरजमल की 319वीं जयंती पर 13 फरवरी को महाराजा सूरजमल स्मारक किशोरी महल पर महाराजा सूरजमल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि कार्यक्रम एवं प्रबुद्धजन संगोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। 14 फरवरी को भाषण प्रतियोगिता, कलश यात्रा, जनमहायज्ञ का आयोजन होगा। 15 को साईकिल रैली, 16 को चित्रकला प्रतियोगिता, बृजभाषा कवि सम्मेलन तथा 19 फरवरी को स्वाभिमान मार्च एवं पुष्पांजलि तथा रात्रि को सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जायेगा। बैठक में लोहागढ विकास परिषद, शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों, व्यापारिक संस्थाओं द्वारा भरतपुर स्थापना दिवस को भव्य मनाये जाने के लिये सुझाव दिये जिनमें ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिताऐं आयोजित करवाने, शहर में सुजान गंगा के चारों तरफ तथा सभी ऐतिहासिक दरवाजों के साथ आमनागरिकों द्वारा घर-घर में दीप प्रज्जवलन का सुझाव आया।

# खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

**करौली, (निसं)।** नेहरू युवा केंद्र करौली के तत्वाधान में ब्लॉक स्तरीय पुरुष वर्ग की कबड्डी खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई।प्रतियोगिता के लिए 24 खिलाड़ियों ने रजिस्टर करवाया। ब्लॉक हिंडौन और श्रीमहावीरजी की कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन राउमावि हिंडौन सिटी के खेल मैदान पर किया गया।

प्रतियोगिता में राउमावि हिंडौन सिटी की प्रधानाचार्य अंजू जैन, उप प्रधानाचार्य मनीष कुमार शर्मा, एवं विद्यालय स्टाफ सदस्यों के साथ कबड्डी खेल की टीमों से परिचय प्राप्त किया। मुख्य निर्णायक मुरारीलाल शाक्यवाल व्याख्याता शारीरिक शिक्षा राउमावि हिंडौन सिटी ने बताया कि कबड्डी का मैच राउमावि महुइब्राहिमपुर और मंडावरा के बीच खेला गया जिसमें महुइब्राहिमपुर की टीम ने 32 अंक और मंडावर की टीम ने 28 अंक बनाऐ। जिसमें महुइब्राहिमपुर की टीम ने प्रथम स्थान एवं मंडावरा की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

दोनों ही टीमें जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता करौली में भाग लेने जाएगी। शाक्यवार ने बताया महिला वर्ग की ब्लॉक स्तरीय रस्साकशी प्रतियोगिता कल दिनांक 8 जनवरी 2025 को प्रात: 11 बजे राउमावि हिंडौनसिटी में एवं 100, 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की जावेगी।

# 100 मीटर दौड़ (पुरुष वर्ग) में अंकुश सिंह पिचनौत प्रथम

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के नेहरू युवा केंद्र द्वारा युवा स्वयंसेवक रिजुल गर्ग के निर्देशन में राजकीय महाविद्यालय गंगापुर सिटी के मैदान में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कबड्डी, रस्सा कस्सी, रिले रैस खेलों का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत युवाओं के

■ **प्राचार्य सुमित्रा मीणा ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि खेल एक ऐसा माध्यम है जिससे युवा स्वस्थ रह सकता है**

प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी के चित्रपट पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर की और फिर कार्यक्रम मे अथितियों का स्वागत सत्कार किया गया। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में नगर परिषद सभापति शिवरतन अग्रवाल ने अपने वक्तव्य में युवाओं को मार्गदर्शित करते हुए कहा कि नेहरू युवा केंद्र द्वारा जो यह प्रतियोगिता का आयोजन किया गया बहुत सराहनीय है। इससे बच्चों को खेल के प्रति अपने आप मे प्रेरणा मिलती है। इस तरह के आयोजन से कौशल सीखने व आत्मविश्वास का हौसला बढता है। साथ ही खेलो मे रुचि रख पाते है और युवा आगे ब्लॉक स्तर से जिला स्तर पर जा सकते हैं एवं युवा अपने गाँव शहर स्कूल जैसे जगहो का नाम रोशन करते हैं। शहर मे खेलों का रुझान अधिक हुआ है यह बहुत ही प्रशंसनीय है। मुख्य वक्ता महाविद्यालय प्राचार्य सुमित्रा मीणा ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि खेल एक ऐसा माध्यम है जिससे युवा स्वस्थ रह सकता है। स्वस्थ शरीर ही युवा की पहचान है। खेल के माध्यम से भी युवा उच्च स्तर तक पहुँच सकते हैं। विशिष्ट अतिथि सहायक उप निरीक्षक कमल द्वारा सडक सुरक्षा सप्ताह के तहत यातायात के नियमों देते हुए बताया कि युवा जिनके पास ड्राइविंग लाइसेंस नही है वो बनवाये टू व्हीलर चलाते वक्त हेलमेट पहने एवं फोर व्हीलर चलाते वक्त सीटबेल्ट जरूर लगाए जिससे अपनी सुरक्षा कर सके। अतिथि गोविंद पाराशर ने उद्बोधन में कहा इस तरह की खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन होते रहना चाहिए क्योंकि बच्चों को खेलने का अनुभव मिलता है, इससे इनका मानसिक स्वास्थ्य फिट एवं अन्य कई ऐसी बीमारियों से भी स्वस्थ रहते हैं। निर्णायक के रूप में एन सी सी प्रभारी डॉ विजेंद्र मीना ने अपनी सेवाएं दी। कार्यक्रम आयोजक रिजुल ने बताया कि प्रतियोगिता में युवाओं ने बढ चढ कर हिस्सा लिया और कबड्डी का फाइनल मैच छत्रपति शिवाजी युवा मंडल मिर्जापुर व दीपक युवा मंडल के मध्य खेला गया जिसमे दीपक युवा मंडल टीम विजेता रहा। रस्सा कस्सी स्वामी विवेकानंद टीम व नेहरू मंडल टीम के मध्य खेला गया जिसमे स्वामी विवेकानंद टीम की बालिकाएं विजेता रही। 100 मीटर दौड़ (पुरुष) मे प्रथम स्थान अंकुश सिंह पिचनौत, सुनील बैसला द्वितीय स्थान, (बालिका) वर्ग मे प्रथम स्थान करिश्मा मीना, पूनम सिसोदिया द्वितीय स्थान पर रही। 200 मीटर पुरुषो की दौड मे प्रथम स्थान अंकुश सिंह और बालिका की दौड मे करिश्मा मीना प्रथम स्थान पर रही। विजेताओं को अतिथियों द्वारा प्रतिक चिन्ह देकर एवं मेडल पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर सीताराम गुर्जर, खेमराज गुप्ता, युवा मंडल अध्यक्ष राहुल जागा, संजय प्रजापत, नितेश महावर, कल्लू बैरवा, अमित मीना, लोकेश सैनी, राहुल सैनी, सविता मीना, पायल गुर्जर, राजकुमार व महाविद्यालय स्टाफ,युवा मंडल सदस्य एवं के युवा उपस्थित रहे।



गंगापुर सिटी। खेलकूद प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ी।

## शिविर आज

**करौली, (निसं)।** आयुक्त नगरपरिषद ने बताया है कि 8 जनवरी को प्रात: 11बजे से सायं 5 बजे तक आमजन की नगरपरिषद से संबंधित समस्याओं के निस्तारण हेतु शिविर का आयोजन नगरपरिषद कार्यालय में रखा गया है। उन्होंने बताया कि शिविर में नगरपरिषद करौली से संबंधित समस्याओं का निस्तारण हेतु जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना द्वारा जनसुनवाई कि जावेगी। जिला कलेक्टर ने इस संबंध में अधीक्षण अभियन्ता विद्युत, पीएचईडी, पीडब्ल्यूडी, श्रम कल्याण, समाज कल्याण के सहायक निदेशक, सी.एम.एच.ओ., पीएमओ, रसद, पुलिस, राजस्व, सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को उपस्थित होने के निर्देश भी दिये।

# गंगापुर सिटी में कड़ाके की ठण्ड ने छुड़ाई धूजणी

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** गंगापुर सिटी उपखण्ड मुख्यालय पर मंगलवार को सुबह के समय कोहरा छाया रहा। आसमान से ओस की बूंदें टपकने लगी। सर्द हवाओं के कारण गलन और ठिठुरन बढ गई है। यहां अब एक बार फिर कडाके की सर्दी का सितम जारी है। दूसरी और गंगापुर और आस पास में पढ रही कडाके की सर्दी के कारण कलेक्टर ने कक्षा एक से आठवीं तक के बच्चों की 11 जनवरी तक छुट्टियां कर दी हैं।

गंगापुर सिटी में सुबह के समय सर्द हवा और आसमान से टपक रही ओस की बूंदों ने लोगों की परेशानी बढा दी। कडाके की सर्दी से बचने के लिए अधिकांश लोग बिस्तरों में ही दुबके रहे। कोहरे के कारण विजिलिटी 20 मीटर से कम रही। तापमान में गिरावट आने और सर्द हवाओं के चलने से कडाके की सर्दी के कारण लोगों का हाल बेहाल हो गया है। 2 दिन में तापमान 5 डिग्री तक गिर गया है। शनिवार को जहां न्यूनतम तापमान 10 डिग्री और सोमवार को 8 डिग्री पर था। मंगलवार को न्यूनतम तापमान 5 डिग्री पर आ गया। अधिकतम तापमान में भी गिरावट आई है और शनिवार को जहां 23 डिग्री अधिकतम तापमान था वह मंगलवार को 19 डिग्री पर आ गया। इससे पहले सोमवार को पूरे दिन सूरज के दर्शन नहीं हुए और सूरज नहीं निकलने से कडाके की सर्दी का एहसास हुआ। सर्दी के कारण बाजार देरी से खुल रहे है। बाजार में जगह-जगह चौराहे और गली मोहल्लों के नुक्कड पर लोग अलाव जलाकर सर्दी भगाते नजर आए। मौसम विभाग के अनुसार आगामी एक-दो दिन में यहां कडाके की ठंड पडने की संभावना है।


बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

खेरली शाखा, राजकीय सीनियर सैकण्डरी स्कूल के सामने, कठूमर रोड़, खेरली, अलवर, राजस्थान, फोन नं.: 01492-280130, ई-मेल: kherli@bankofbaroda.com

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**
**"परिशिष्ट-IV-क" [नियम 8(6) का परन्तुक देखें]**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस।
आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी है, का कब्जा प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जैसी है जहां है", "जो है जैसी है" और "जितनी भी उपलब्ध है" के आधार पर बैंक ऑफ बड़ौदा, प्रतिभूत लेनदार की बकाया राशि नीचे उल्लेखित खातें की वसूली हेतु बेचा जाएगा। ऋणियों/बंधककर्ताओं/जमानतदारों/प्रतिभूत आस्तियों/बकायों/आरक्षित मूल्य/ई-नीलामी की दिनांक व समय, धरोहर राशि एवं बोली वृद्धि राशि का विवरण नीचे वर्णित है-

| क्रं./लोट सं. | ऋणियों/जमानतदारों/बंधककर्ताओं के नाम एवं पते | ज्ञात संपत्ति के साथ अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण, यदि कोई हो | कुल बकाया राशी मांग पत्र के अनुसार | ई-नीलामी की दिनांक / ई-नीलामी का समय प्रारम्भ समय से समाप्ति समय | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि (ईएमडी) / बोली वृद्धि राशि | कब्जे की स्थिति (सांकेतिक/वास्तविक) | संपत्ति निरीक्षण की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मैसर्स कमल ईंट उद्योग जरिये पार्टनर्स- श्री कमल सिंह पुत्र श्री हकीम सिंह एवं स्व. श्री गोविंद सिंह पुत्र श्री माधो सिंह जरिये कानूनी वारिस- श्री बलवीर सिंह पुत्र स्व. श्री गोविंद सिंह, श्री अजय सिंह पुत्र स्व. श्री गोविंद सिंह एवं श्रीमती रामकला पत्नी स्व. श्री गोविंद सिंह गाँव खोहरा, पोस्ट नारौली, तहसील-वैर, जिला भरतपुर, राजस्थान जमानतदार- श्री देवेन्द्र सिंह राजपूत पुत्र श्री बच्चुसिंह गाँव रोत हंडिया, तहसील महवा, जिला दौसा, राजस्थान 321608 श्री मुकेश चंद गुप्ता पुत्र श्री बाबूलाल गुप्ता टैगोर स्कूल के पास, वार्ड नं 16, गुर्जर मोहल्ला, खेरली, जिला अलवर, राजस्थान 321606 | स्व. श्री गोविंद सिंह पुत्र श्री माधो सिंह के नाम साम्यिक बंधक व्यावसायिक भूमि जो खसरा नं. 426, गांव खोहरा, तहसील वैर, जिला भरतपुर, राजस्थान पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 9714 वर्ग मीटर है। सीमाएं- पूर्व: खसरा नं. 426, पश्चिम: खसरा नं. 426/1 एवं नंगला भावला से अलीपुर नरोला तक ग्रेवल रोड़, उत्तर: गोपाल, विजय जाट, वृन्दावन नवल आदि की कृषि भूमि, दक्षिण: महेन्द्र जाट की कृषि भूमि अन्य ऋण भार: ज्ञात नहीं | रूपये 37,59,949.42 दिनांक 08.05.2023 को बकाया (दिनांक 28.02.2023 तक ब्याज शामिल करते हुए) एवं इसके आगे का ब्याज व अन्य वसूली खर्चे इत्यादि। | 13.02.2025 / दोपहर 02:00 बजे से सांय 06:00 बजे तक | आरक्षित मूल्य- रूपये 51,66,000/- धरोहर राशि- रूपये 5,16,600/- बोली वृद्धि राशि- रूपये 20,000/- | सांकेतिक | 06.02.2025 दोपहर 12:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक |

विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए गए वेबसाइट अर्थात https://www.bankofbaroda.in/e-auction.htm एवं ऑनलाईन नीलामी पोर्टल https://baanknet.com देखें। इसके अलावा संभावित बोलीदाता प्राधिकृत अधिकारी से दूरभाष नं.- 01492-280130, मोबाईल नं. 8094004765 पर संपर्क कर सकते है।

दिनांक: 06.01.2025
स्थान: अलवर

हस्ता.
प्राधिकृत अधिकारी
बैंक ऑफ बड़ौदा

# 813वां सालाना उर्स : पाक जायरीन का 91 सदस्यीय दल अजमेर पहुंचा

## कड़े सुरक्षा बंदोबस्त के बीच पाक जायरीन दल को पुलिस ने सेंट्रल गर्ल्स स्कूल पहुंचाया

**अजमेर, (कासं)।** विश्व विख्यात सूफी संत हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के 813 वें सालाना उर्स में शिरकत करने पाकिस्तान से आया 91 सदस्यीय दल मंगलवार अलसुबह अजमेर रेलवे स्टेशन पहुंचा, जहां कड़े सुरक्षा बंदोबस्त के बीच पुलिस ने रोडवेज बसों के माध्यम से पुरानी मंडी सेंट्रल गर्ल्स स्कूल पहुंचाया।

मंगलवार अलसुबह पाक जायरीन के अजमेर पहुंचने से पहले जिला पुलिस, खुफिया तंत्र, जीआरपी और आरपीएफ के जवानों ने प्लेटफार्म नंबर सुरक्षा घेरे में लिया। ट्रेन जैसे ही रेलवे स्टेशन पर रुकी तो पाकिस्तान से आए जायरीन की आंखों में खुशी के आंसू छलक उठे। ट्रेन के कोच से उतरते ही जायरीन ने अजमेर की सरजमीं को चूमते हुए ख्वाजा साहब का शुक्रिया अदा किया। रेलवे स्टेशन के बाहर मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए भारत सरकार की ओर से किए गए इंतजामों की सराहना की, उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच भाईचारा और सौहार्द कायम बना रहे इसकी दुआ करेंगे।



**मंगलवार अल सुबह अजमेर रेलवे स्टेशन पहुंचे पाक जायरीन।**

**सुरक्षा घेरे में रोडवेज बसों से पहुंचाया स्कूल :-** अजमेर के प्लेटफार्म नंबर एक सुरक्षा घेरे में रहा, किसी भी यात्री को आने नहीं दिया गया। रस्सी बांधकर बैरीकेटिंग लगाए गए। खुफिया विभाग ने सभी पाक जायरीन की गिनती की और रोडवेज बसों में बैठाकर पुरानी मंडी सेंट्रल गर्ल्स स्कूल रवाना किया। इस दौरान उनके सामानों को स्केनर मशीन से गुजारा गया और जांच की गई। स्कूल में चिकित्सा विभाग की ओर से अस्थाई डिस्पेंसरी लगाई गई। सेंट्रल गर्ल्स स्कूल में पाक जायरीन के लिए जिला प्रशासन की ओर से अस्थाई कंट्रोल रूम स्थापित किया है। रिटायर्ड प्रशासनिक अधिकारी सुरेश सिंधी को यहां की कमान सौंपी गई है। स्कूल परिसर और आसपास के क्षेत्रों में खुफिया पुलिस ने निगरानी बढ़ा दी है, सादा वर्दी में जवानों को तैनात है। स्कूल से दरगाह जाने के दौरान पाक जायरीन के साथ जिला पुलिस के करीब दो सौ से अधिक सिपाही भी मौजूद रहेंगे। किसी भी पाक जायरीन को शहर में स्वतंत्र घूमने की अनुमति नहीं है और न ही शहर छोड़कर जाने की। पुलिस और खुफिया विभाग निगरानी बनाए हुए हैं।

- **पाक जायरीन दल के सदस्यों ने भारत सरकार की ओर से किए गए इंतजामों की सराहना की**

# रोडवेज बस से अवैध डोडा-चूरा बरामद, तस्कर गिरफ्तार

## पुलिस ने बीस किलो डोडा-चूरा बरामद किया

**कोटा, (निसं)।** कोटा शहर में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी की रोकथाम के लिये शहर पुलिस द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन नश्वर के तहत मादक पदार्थ तस्करों पर पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई कर रही है। ऑपरेशन नश्वर अभियान के तहत रानपुर पुलिस टीम ने नाकाबंदी के दौरान रोडवेज बस से एक तस्कर को गिरफ्तार किया, जिसके पास से दो बैगों में बीस किलो 400 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा-चूरा पाउडर बरामद हुआ है।

- **आरोपी से डोडा-चूरा पाउडर की खरीद-फरोख्त के संबंध में पूछताछ जारी**

शहर पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि कोटा शहर में अवैध पदार्थ तस्करी की रोकथाम के लिए ऑपरेशन नश्वर अभियान चलाया जा रहा है। शहर एसपी ने बताया कि शहर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप सैनी व पुलिस उपअधीक्षक मनीष शर्मा के निर्देशन में रानपुर के थानाधिकारी मांगेलाल के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। शहर एसपी ने बताया कि रानपुर थानाधिकारी मांगेलाल मय जाप्ता पुलिस चौकी जगपुरा के सामने नाकाबंदी कर झालावाड़ की तरफ से आने वाहनों की चैकिंग कर रहे थे।

उसी दौरान मनोहरथाना से कोटा की और आने वाली रोडवेज बस में चैकिंग के दौरान दो बैगों में अवैध मादक पदार्थ डोडा-चूरा पाउडर बरामद हुआ। पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ बरामद होने पर खोखरिया थाना कापरडा जिला जोधपुर निवासी सुनील कुमार (30) को एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार किया। शहर एसपी ने बताया कि आरोपी सुनील कुमार से अवैध मादक पदार्थ डोडा-चूरा पाउडर की खरीद-फरोख्त के संबंध में पूछताछ की जा रही है।



**पुलिस ने डोडा-चूरा सहित आरोपी को गिरफ्तार किया।**

# साइबर टीम की हिरासत से फरार महिला गिरफ्तार

**कोटा, (निसं)।** जीआरपी पुलिस टीम ने दुरंतो एक्सप्रेस में यात्रा के दौरान कोटा स्टेशन से पुणे साइबर टीम को चकमा देकर हिरासत से फरार हुई साइबर फ्रॉड की मुख्य अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। जीआरपी पुलिस उप अधीक्षक शंकरलाल ने बताया कि जीआरपी थानाधिकारी संतोष कुमार के नेतृत्व में साइबर फॉड की वांछित अभियुक्त गुड़िया उर्फ सोफिया उर्फ सानिया सिद्दीकी (24) की गिरफ्तारी के लिए टीम का गठन किया गया था। जीआरपी पुलिस उप अधीक्षक ने बताया कि करीब साढ़े दस माह बाद जीआरपी टीम के लगातार प्रयास के बाद साइबर फ्रॉड की वांछित अभियुक्त फरीदाबाद हरियाणा निवासी सानिया उर्फ गुड़िया को पुणे महाराष्ट्र से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

जीआरपी पुलिस उपअधीक्षक शंकरलाल ने बताया कि पुलिस थाना पुणे के साइबर पुलिस उपनिरीक्षक प्रमोद खरात ने 19 फरवरी 2024 को जीआरपी थाने में रिपोर्ट दी थी। रिपोर्ट में बताया था कि 6 फरवरी को साइबर पुलिस टीम पुणे साइबर फ्रॉड में वांछित आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुणे से रवाना हुई थी। रिपोर्ट में कहा कि 16 फरवरी को साइबर फ्रॉड की वांछित मुख्य अभियुक्त फरीदाबाद हरियाणा निवासी सानिया उर्फ गुडिया को दस्तयाब कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया। 17 फरवरी को न्यायालय से गिरफ्तारशुदा आरोपी का यात्रा वारंट प्राप्त किया। रिपोर्ट में कहा कि 17 फरवरी को दुरंतो एक्सप्रेस से हजरत निजामुद्दीन से मुख्य आरोपी को लेकर पनवेल के लिये रवाना हुऐ थे यात्रा के दौरान नींद लग जाने पर गिरफ्तारशुदा आरोपी ट्रेन के कोटा रेलवे स्टेशन पर रूकने पर ट्रेन से उतरकर फरार हो गई।

# टीचर से परेशान नाबालिग लड़की ने आत्महत्या की

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट के राजीव गांधी नगर थाना क्षेत्र निवासी एक नाबालिग युवती ने अपने अध्यापक से परेशान होकर आत्महत्या कर ली। उसने सेल्फास की गोलियां खाई थी। इलाज के दौरान नाबालिग ने दम तोड़ दिया। परिजनों ने प्राइवेट स्कूल टीचर के खिलाफ बेटी को मिलने के लिए दबाव बनाने और धमकी देने का मामला दर्ज करवाया था। परिजनों ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी थाना क्षेत्र के एक प्राइवेट स्कूल में पढ़ती थी। यहां पर प्राइवेट स्कूल के टीचर ने उनकी बेटी को स्कूल में अश्लील इशारा किया। उससे मिलने के लिए दबाव बनाया और धमकी दी। घर वालों ने स्कूल संचालक और आरोपी टीचर को भी उलाहना दी।इसके बावजूद आरोपी नहीं माना। परेशान होकर बेटी ने पांच दिसंबर को सेल्फास की गोलियां खा ली।

# दंपती व बच्चों के शव घर पहुंचे, अंतिम संस्कार किया

**सायला, (निसं)।** सायला पुलिस थानाक्षेत्र के जीवाणा-भीनमाल स्टेट हाइवे पर उन्नडी-पोषाणा के बीच बाइक सवार दंपती और दो बच्चों की अवैध बजरी से भरे डंपर द्वारा कुचलने से मौत के बाद तीसरे दिन मंगलवार को मृतकों के शव का पोस्टमार्टम हुआ।

सायला के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की मोच्र्युरी में चारों शवों का मेडिकल टीम द्वारा पोस्टमार्टम किया गया। दोपहर को मृतकों के शव बावतरा पहुंचे तो गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जैसे ही शव घर पहुंचे परिजनों के हृदय विदारक विलाप ने पूरे गांव को गमगीन कर दिया। ग्रामीणों व समाजबंधुओं ने रोते-बिलखते परिजनों को ढांढस बंधाया। मृतक के माता-पिता और दस वर्षीय बेटे राहुलपुरी का रो-रोकर बुरा हाल था। गमगीन माहौल में मृतकों के शवों का अंतिम संस्कार किया गया।

- **तीसरे दिन मंगलवार को मृतकों के शव का पोस्टमार्टम हुआ**

जानकारी के अनुसार रविवार को एक सड़क हादसे में बावतरा गांव निवासी उत्तमपुरी पुत्र मांगपुरी (32 वर्ष), उसकी पत्नी डिम्पल देवी (30 वर्ष), बेटी चिंटू (8 वर्ष) और बेटे राजपुरी (5 वर्ष) को अवैध बजरी से डंपर ने कुचल दिया था, जिससे चारों की मौत हो गई थी। मृतका डिम्पल देवी गर्भवती भी थी। अब उत्तमपुरी के परिवार में बड़ा बेटा राहुलपुरी ही बचा है। वहीं मृतक के भाई रमेशपुरी ने डम्पर चालक के विरूद्ध तेज गति व लापरवाही से डम्पर चलाकर गलत दिशा में आकर बाइक के टक्कर मारने का मामला दर्ज करवाया है।

# आर्मी कैंट में घूमता संदिग्ध व्यक्ति गिरफ्तार

**पोकरण, (कासं)।** पोकरण में सोमवार रात्रि में एक संदिग्ध आर्मी कैंट में घूमता पाया गया, जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियों ने व्यक्ति को गिरफ्तार कर पूछताछ की। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार रात्रि में करीब दस बजे एक व्यक्ति पोकरण स्थित आर्मी कैंट घूम रहा था। आर्मी के जवानों की सतर्कता से संदिग्ध पकड़ा गया। उक्त व्यक्ति तारबंदी को पार कर आर्मी कैंट के अंदर पहुंचा गया था। इस संदिग्ध के पास एक बैग भी मिला। पोकरण पुलिस के अनुसार इस के पास कोई पहचान संबंधित दस्तावेज नहीं मिले हैं। पोकरण स्थित सुरक्षा एजेंसियों ने संदिग्ध से पूछताछ की जिसमें उसने अपना नाम हसीद फरीदी उर्फ बबलू अमीनाबाद लखनऊ का निवासी बताया है। आर्मी इंटेलीजेंस ने देर रात गहनता से संदिग्ध से पूछताछ की। मगंलवार सुबह पोकरण थाने को उसे सुपुर्द किया। संदिग्ध व्यक्ति आर्मी जवानों की सतर्कता से पकड़ा गया है।

# सी.एम. के मीडिया सलाहकार हीरेन जोशी की दादी का निधन

- **खैरथल में बैकुंठी यात्रा निकालकर अंतिम संस्कार किया गया**
- **जयपुर, अलवर सहित खैरथल से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुये**



**भगवती देवी।**

**खैरथल, (निसं)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मीडिया सलाहकार हीरेन जोशी की दादी भगवती देवी का निधन मंगलवार को हो गया, वे 92 साल की थी। खैरथल स्थित निवास स्थान से अंतिम संस्कार के लिए बैकुंठी निकाली गई। यात्रा में शामिल हुए लोग भजन कीर्तन करते हुए मोक्षधाम पहुंचे।

परिवार में उनके पुत्र देवदत्त जोशी, पोत्र कमल जोशी, हीरेन जोशी, प्रपोत्र केशव जोशी हैं। भगवती देवी का जीवन सेवाभावी रहा। उनकी आध्यात्मिक जीवनशैली सदैव ईश्वर भक्ति में समर्पित रही तथा भगवती देवी का आचरण समाज को प्रेरणा देने वाला रहा। पूज्य भगवती देवी की बैकुंठी यात्रा में जयपुर अलवर सहित खैरथल से बड़ी संख्या में मीडिया कर्मी प्रबुद्ध जन समाज के लोग शामिल हुए।

# परिवार के अनपढ़ होने का फायदा उठाकर जमीन की रजिस्ट्री करवाई

**उदयपुर, (कासं)।** एक परिवार के अनपढ़ होने का फायदा उठाकर गांव के लोगों ने इस परिवार के नाम की जमीन को विश्वास में लेकर अन्य लोगों के नाम पर रजिस्ट्री करवा दी।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रामलाल पुत्र मोतीलाल गमेती निवासी भील बस्ती ईसवाल गोगुन्दा ने चुन्नीलाल पुत्र रामलाल गमेती निवासी बरोडीया गोगुन्दा, प्रेमलाल पुत्र लोगर लाल गमेती निवासी इसवाल गोगुन्दा, रमेश चन्द्र पुत्र मोहन लाल भील निवासी इसवाल गोगुन्दा, मदन पुत्र लोगर लाल गमेती निवासी ईसवाल गोगुन्दा, अनिल गमेती पुत्र केशुलाल भील निवासी नीमचमाता देवाली के खिलाफ रिपोर्ट दी कि मुझ प्रार्थी के पिता का स्वर्गवास हो चुका है। मेरे पिता के नाम पर हमारे गांव ईसवाल में जो जमीन थी वह पिता के अन्तकाल खुलने पर मुझ प्रार्थी व मेरे भाई देवीलाल, भीमा एवं बहन लक्ष्मी व माता काली बाई के नाम राजस्व रिकोर्ड में दर्ज हो गई थी।

- **गोगुंदा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की**

करीब चार माह पूर्व मेरे गांव के परिचित प्रेमा गमेती व उसका भाई मदन गमेती व रमेश गमेती ने मुझे व मेरी मां काली बाई व बहन लक्ष्मी बाई को गलत जानकारी देते हुए बताया कि आपके पिता मोतीराम ने पूर्व में जमीन विक्रय की उस जमीन में कुछ हिस्सा बाकी रह गया जो आपके नाम पर है। उसकी हमारे मिलने वालों के नाम पर रजिस्ट्री करवा दो और उसके जो भी पैसे बनते हैं, वो हम आपको दिलवा देंगे। ऐसा बोलकर मुझे व मेरी मां काली बाई व बहन लक्ष्मी बाई को विश्वास में लेकर 19 सितम्बर 2024 को मेरी बहन लक्ष्मी बाई का बनने वाला 1/5वां हिस्सा व बाद में 15 अक्टूबर को मेरी मां काली बाई का बनने वाला 1/5 वा हिस्सा व 5 नवम्बर 2024 को मेरा हिस्सा चुन्नीलाल गमेती निवासी बरोड़िया के नाम पर रजिस्ट्री करवा दी। मेरी बहन लक्ष्मी बाई को बैंक का एक एक लाख का चैक दिया। मुझ प्रार्थी को भी गलत जानकारी देते हुए मेरे हिस्से जमीन की भी रजिस्ट्री करवा कर मुझे एक लाख रूपये का चैक दिया जिसे मेरे बैंक खाते में जमा नहीं करवाया। मेरी बहन ने खाते में जमा करवाया परन्तु रिटर्न हो गया। 3 दिसम्बर को कुछ लोग हमारी जमीन पर कब्जा करने आए तो हमने कब्जा करने से मना कर दिया तो उन लोगों ने कहा कि हमने जमीन खरीद ली उस समय ये लोग धमकी देकर गये कि कब्जा खाली कर देना नहीं तो हम तुम्हें मारपीट कर भगाकर भी कब्जा तो लेकर रहेंगे।

इस पर जब बडगांव तहसील से पता किया तो पता चला कि चुन्नीलाल गमेती ने पहले अपने नाम से पॉवर ऑफ अटार्नी करवा दिया और उसके बाद आधे हिस्से की अपने नाम पर रजिस्ट्री करवा दी। आधे हिस्से की अपने ही पार्टनर अनिल गमेती के नाम पर रजिस्ट्री करवा दी। इस पर गाव के परिचित प्रेमा गमेती व उसका भाई मदन गमेती व रमेश गमेती से इस बारे में सम्पर्क किया तो उन्होंने कहा कि हमारे को उस पार्टी जमीन खरीदने वालों ने खर्च के रूपये दिये थे इसलिए तुम्हारे को लेकर गये।

अब हम भी कुछ भी नहीं कर सकते हैं। मुझ प्रार्थी व मेरे परिवार के सदस्य ने एक भी रूपया प्राप्त नहीं किया। इन सभी लोगो ने हम अनपढ़ होने का फायदा उठाकर मेरे पिता के द्वारा पूर्व में बेची गयी जमीन में से कुछ हिस्सा बेचना बाकी रहने की गलत जानकारी हमारे खातेदारी की सम्पूर्ण जमीन का पॉवर ऑफ अटार्नी लिखवा कर हमारी खातेदारी जमीन की रजिस्ट्री करवा दी है। अब ये लोग आकर धमका रहे हैं। रिपोर्ट पर गोगुंदा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सूरत मामले में आसाराम को जमानत

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर सेंट्रल जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे आसाराम को सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम जमानत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने आसाराम को सूरत के अपने आश्रम में महिला अनुयायी से रेप के मामले में 31 मार्च तक बेल मिली है। हालांकि उनके जेल से बाहर निकलने की संभावना नहीं है क्योंकि आसाराम नााबलिग से रेप का भी दोषी है और इस मामले में जोधपुर सेंट्रल जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने आसाराम को निर्देश दिया है कि वे सबूतों से छेड़छाड़ न करे और रिहाई के बाद अपने अनुयायियों से न मिले। अंतरित जमानत के दौरान आसाराम बापू के साथ पुलिसकर्मी भी रहेंगे। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस एमएम सुंदरेश और राजेश बिंदल की पीठ ने याचिका के आधार पर पाया कि आसाराम दिल की बीमारी के अलावा उम्र से जुड़ी कई बीमारियों से पीड़ित है। उसका फिलहाल जोधपुर के आरोग्य मेडिकल सेंटर में इलाज चल रहा है। वे जोधपुर सेंट्रल जेल में अपनी सजा काट रहे है, इसे ध्यान मे रखते हुए 31 मार्च तक अंतरिम जमानत दी है।

# मारपीट कर 25 हजार और दो फोन छीने

**उदयपुर, (कासं)।** एडवांस लेकर भागे चालक से बातचीत के दौरान गांव के कुछ लोगों ने एक युवक से मारपीट कर घायल कर दिया और 25 हजार रूपए व दो फोन ले लिए।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मनोहर लाल पुत्र जयराम गुर्जर निवासी रठाना मावली ने रिपोर्ट दी कि पांच जनवरी को करीब 3-4 बजे अहमदाबाद से मेरे लड़के शंकर का फोन आया और मुझे बताया कि आप खादरा जाकर प्रेम को अहमदाबाद बैठाना है। प्रेम ने मुझे फोन किया है इसलिये मैने शाम की 5-6 बजे प्रेम को फोन कर बताया कि तैयार हो जाना मै तुझे लेने को आ रहा हूं। मेरे जाने में थोड़ा लेट हुआ तो सामने से प्रेम ने मुझे करीब 7-8 बार फोन किया कि आप आ जाओ मैं घर पर ही हूं।

- **डबोक थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी**

मैं मेरे दोस्त दामोदर पुत्र चुन्नीलाल जोशी निवासी पिपरोली ब्राह्मणों की तलाई की कार लेकर मैं व भतीजा देवीलाल पुत्र जयराम गुर्जर व बालु पुत्र चुना गुर्जर निवासी रठाना के साथ प्रेम को लेने गांव खादरा गए तो वहां लक्ष्मण गमेती शराब की दुकान पर बैठा था जो पूर्व में मेरा ड्राईवर था। उसने मेरे से एडवांस पांच हजार रूपए ले रखे थे। उससे मैं बात कर रहा था तो वह भाग गया तो मैंने उसको आवाज लगाई। इतने में फतह सिंह निवासी खादरा वाडा हनुमान जी मंदिर के पास आया और मेरे साथ मारपीट की। उसके साथ सात-आठ अन्य लोगों ने भी मारपीट की। इस दौरान करीब 25 हजार रुपये व फोन मौके पर गिर गए जो फतह सिंह ने ले लिया और वापस नहीं दिया। लठ्ठ व पत्थर से कार को पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दी। रिपोर्ट पर डबोक थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार, जेवर बरामद

**पाटन, (निसं)।** पुलिस अधीक्षक सीकर भुवन भूषण यादव (आईपीएस) के निर्देशानुसार संपत्ति संबंधी अपराधों में शीघ्र कार्रवाई करते हुए, पुलिस थाना पाटन ने चोरी के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर जेवर बरामद किये हैं।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गिरधारीलाल शर्मा और पुलिस उप अधीक्षक अनुज डाल के निर्देशन में पाटन पुलिस ने चोरी के मामले में वांछित आरोपी करण सिंह उर्फ करण धानका को गिरफ्तार किया है। आरोपी करण सिंह उर्फ करण धानका उम्रनिवासी रैया का बास को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी किए गए सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए गए हैं। पुलिस द्वारा आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया जहां उसे न्यायिक अभिरक्षा में भिजवा दिया गया है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पाटन पुलिस ने अज्ञात आरोपियों की तलाश में मुखबिर तंत्र और सूचनाओं का संकलन किया। पुलिस टीम के सक्रिय प्रयासों से आरोपी करण सिंह उर्फ करण धानका को गिरफ्तार कर चोरी का खुलासा किया गया।



**पाटन पुलिस ने चोरी के आरोपी को गिरफ्तार किया।**

# नीमकाथाना जिला हटाए जाने के विरोध में आठवें दिन भी धरना जारी

## भूख हड़ताल पर बैठे लोगों को माला पहनाकर धरने पर बैठाया गया

**पाटन, (निसं)।** नीमकाथाना को जिला बनाए रखने की मांग को लेकर भूख हड़ताल आठवें दिन भी जारी रही। भूख हड़ताल पर बैठे लोगों को माला पहनाकर धरने पर बैठाया गया। इस आंदोलन में भूपेन्द्र सिंह तंवर (पंचायत समिति सदस्य, मावण्डां कलां), अवतार गुर्जर (पंचायत समिति सदस्य, गणेश्वर), हरिराम भावरिया (पंचायत समिति सदस्य, प्रितमपुरी), सुभाष सिंघल, महेश शर्मा और सुरज्ञान सिंह (आदिवासी समिति सदस्य) ने नीमकाथाना जिले को यथावत रखने की मांग को लेकर भूख हड़ताल जारी रखी।

जानकारी के अनुसार जिले को बचाने के लिए मंगलवार को अग्रवाल समाज समिति, विप्र समाज, राजस्थान पेंशनर्स मंच और ग्राम पंचायत नाथा का नांगल के लोगों ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर कार्यालय तक रैली निकालकर विरोध जताया। उन्होंने अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा और भूख हड़ताल पर बैठे लोगों को समर्थन दिया। नीमकाथाना को जिला सूची से हटाने के फैसले के खिलाफ लोगों में भारी आक्रोश है। जगह-जगह टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है और भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी हो रही है। जिला बचाओ संघर्ष समिति के नेतृत्व में क्षेत्रीय लोग इस आंदोलन में जुड़ते जा रहे हैं। आगामी 13 जनवरी को रामलीला मैदान में एक विशाल महासभा का आयोजन किया जाएगा। धरने में पूर्व सरपंच बसंत यादव, बाबूलाल यादव, डॉ. जे.पी. यादव, डॉ. जी. एल. सैनी, प्रमोद कुमार शर्मा, डॉ. जगत सिंह मीणा, दाताराम यादव, कांता प्रसाद शर्मा, चन्द्रभान शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, जयदयाल शर्मा, कैलाश चन्द शर्मा, अशोक शर्मा, सुभाष शर्मा, कमलेश मेगोतिया, दिनेश नरेड़ी, राजेश कुमार गुप्ता, संजय चेतानी, महेश गोयल, दीपक गुप्ता, कार्तिक अग्रवाल, मोनू अग्रवाल, सुमेर सिंह तंवर समेत सैकड़ों क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।




**धरने को कई वक्ताओं ने संबोधित किया।**

